# शपथ-पत्र (AFFIDAVIT)

## (भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के संदर्भ में)

मैं/हम, ..................................................., पुत्र/पुत्री/पत्नी ..................................................., आयु लगभग ................ वर्ष,

पद – विद्यालय संचालक / प्रबंधक / अध्यक्ष,     विद्यालय का नाम – ..........................................................................

विद्यालय का पता – .......................................................................................................................................

शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ:–

1. कि मैं उक्त विद्यालय का विधिवत् अधिकृत प्रतिनिधि हूँ तथा इस शपथ-पत्र को प्रस्तुत करने हेतु पूर्णतः सक्षम एवं अधिकृत हूँ।
2. कि मुझे यह पूर्ण जानकारी है कि भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किया गया है, जिसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परम्परा का समन्वय करना है, जिससे कि विद्यार्थियों के अंदर नैतिक एवं चारित्रिक गुणों का विकास हो तथा वे साक्ष्य-आधारित भारतीय ज्ञान परम्परा से परिचित हो सकें।
3. कि यदि हमारे विद्यालय द्वारा भारतीय शिक्षा बोर्ड के निर्धारित पाठ्यक्रम एवं पाठ्य-पुस्तकों को लागू नहीं किया जाता है, तो यह बोर्ड के गठन के उद्देश्यों की पूर्ण अवहेलना होगी।
4. कि भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय शिक्षा बोर्ड (BSB) द्वारा बालवाटिका से कक्षा 12 तक हेतु अपना निर्धारित पाठ्यक्रम बनाया गया है, जिसे विद्यालय में लागू करना अनिवार्य है, तभी बोर्ड गठन के उद्देश्यों की पूर्ति हो पायेगी ।
5. कि मैंने/हमने भारतीय शिक्षा बोर्ड के संबद्धता उपनियमों (Affiliation Bye-laws) का भली-भांति अध्ययन किया है, विशेष रूप से खंड 2.4.7 का, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि मान्यता प्राप्त करने के पश्चात विद्यालय को केवल भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं पाठ्य-पुस्तकों को ही लागू करना अनिवार्य होगा।
6. कि यदि हमारा विद्यालय बालवाटिका से कक्षा 12 तक भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम लागू नहीं करता है, तो ऐसी स्थिति में बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने का कोई औचित्य नहीं रहेगा।
7. कि यदि विद्यालय संचालक द्वारा उपरोक्त प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है, तो भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा की जाने वाली किसी भी विधिक कार्यवाही अथवा दंड (Legal proceedings or penalty) को स्वीकार करने हेतु विद्यालय पूर्णतः उत्तरदायी होगा।

**घोषणा (DECLARATION):-** मैं यह शपथपूर्वक घोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्त समस्त कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा इनमें कोई भी तथ्य असत्य या भ्रामक नहीं है और न ही कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया गया है।

**स्थान :** ...................................                **दिनांक :** ...................................

**शपथकर्ता (Principal)**                **शपथकर्ता (Manager)**

हस्ताक्षर- (मोहर के साथ) : ....................................                हस्ताक्षर- (मोहर के साथ):.............................

नाम: ............................................                नाम : ..........................................